दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 11 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

पटना में आज से जिलों के समग्र विकास पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूआत हुई। यह कार्यक्रम प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की ओर से बिहार सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य देशभर के जिलों द्वारा अपनाई गई नवोन्मेषी सुशासन की कार्यप्रणालियों पर चर्चा और उसका आदान प्रदान करना है। सम्मेलन में सुशासन के उन मॉडलों को प्रदर्शित किया जाएगा जिन्हें प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। सम्मेलन में देशभर से तीन सौ से अधिक प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।

———————————————————————

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार तेजी से प्रगति कर रहा है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य में आधारभूत संरचनाओं का विकास होने के साथ ही विधि व्यवस्था की स्थिति में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। श्री गोयल ने कहा कि राज्य औद्योगिक क्षेत्र में भी लगातार प्रगति कर रहा है।

———————————————————————

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से बिहार में उद्योग और रोजगार की संभावनाएं लगातार बढ़ रही है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के बजट में बिहार के लिए कई विशेष प्रावधान किये गये हैं। श्री पाटिल ने कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि बिहार से पलायन रूके और युवाओं को राज्य में ही रोजगार के अवसर मिले।

———————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने राजस्व महाअभियान को गति देने के लिए पंचायतों में दो से अधिक अतिरिक्त शिविर लगाने का निर्णय लिया है। विभाग के सचिव जय सिंह ने इस संबंध में सभी जिला समाहर्ताओं को निर्देश जारी किया है।

सचिव ने महादलित टोलों और बस्तियों में महाअभियान को लेकर जागरूकता बढ़ाने के भी निर्देश दिये हैं। राजस्व महा–अभियान बीस सितम्बर तक चलेगा।

———————————————————————————

नेपाल में जारी राजनीतिक हलचल के बीच राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल, नेपाली सेना प्रमुख अशोकराज सिगडेल और युवा प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधियों के बीच आज अंतरिम सरकार का नेतृत्व तय करने के लिए बातचीत होगी। सूत्रों के अनुसार, युवा प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधियों ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री पद के लिए अपना उम्मीदवार चुना है। इस बीच, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल–माओवादी के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने युवाओं के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन पर अपनी पार्टी की आधिकारिक स्थिति पर दस सूत्री प्रेस वक्तव्य जारी किया है। इसमें एकजुटता व्यक्त करते हुए संयम बरतने और हिंसा की स्वतंत्र न्यायिक जांच का आह्वान किया गया है।

———————————————————————————

विशेष निगरानी इकाई शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक वीरेन्द्र नारायण के पटना, पूर्णिया और मुजफ्फरपुर स्थित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। आय से अधिक संपत्ति मामले में ये छापेमारी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनके ठिकानों से करोड़ों रुपये मूल्य की चल–अचल संपत्ति का खुलासा हुआ है। वैशाली में जिला शिक्षा पदाधिकारी रहते हुए वीरेन्द्र नारायण पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप लगे थे।

———————————————————————————

प्रदेश में मानसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। पश्चिम चंपारण जिले के चनपटिया में सबसे अधिक एक सौ छप्पन दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज पश्चिम चंपारण, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, सीवान, सारण, गोपालगंज और बांका जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।